पं0रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

Email Id- registrarprsu@gmail.com Phone No. 0771-2262540

क्रमांक 1325/परीक्षा/2022 रायपुर, दिनांक 17/04/2022

// परीक्षा केन्द्रों के लिए सुझाव //

वार्षिक परीक्षा 2022 के लिए पूर्व में जारी विभिन्न अधिसूचनाओं एवं दिशा निर्देश यथावत् रहेंगे। परीक्षा केन्द्र की व्यवस्था को बनाये रखने की पूरी जिम्मेदारी प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष/परीक्षा प्रभारी की होगी। अपने परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों से उत्तर पुस्तिका प्राप्त करने के लिए ऐसी रीति का पालन करना चाहिये जिससे पूरी व्यवस्था शांतिपूर्ण एवं समयबद्व रूप से संपन्न हो सके।

परीक्षा के प्रथम दिवस शनिवार, दिनांक 16/4/2022 को संपन्न हुए परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा प्रभारियों को हुए अनुभव एवं उनके अभिमत के आधार पर निम्नानुसार सुझाव प्रेषित् है :-

(1) जिन परीक्षा केन्द्रों में एक कक्ष/स्थान पर अधिक संख्या में उत्तर पुस्तिका संकलन हेतु काउंटर बनाए थे, वहाँ परीक्षार्थियों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गयी थी। वहीं जिन परीक्षा केन्द्रों में अलग-अलग स्थानों पर काउंटर बनाए गये थे, वहाँ परीक्षार्थी नियंत्रित रूप से उत्तर पुस्तिका जमा कर सके। अतः सुझाव है कि उत्तर पुस्तिका संग्रहण हेतु काउंटर दूर-दूर तथा अलग-अलग स्थान ही पर बनाऐं जावे।

(2) कई परीक्षा केन्द्र में उत्तर पुस्तिका प्राप्त करने के साथ ही ओ0एम0आर0 सीट को फाड़ने का कार्य भी साथ-साथ कर रहे थे, ऐसी स्थिति में वहां कतार लंबी हो गई थी। अतः सुझाव है कि ओ0एम0आर0 सीट को उत्तर पुस्तिका संकलन पश्चात् ही फाड़ने का कार्य करें।

(3) बड़ी संख्या में परीक्षार्थी ओ0एम0आर0 सीट को अधूरा भरकर काउंटर में पहुंच रहे थे। जिससे ओ0एम0आर0 सीट को भराने में समय लग रहा था। ऐसी परिस्थिति में परीक्षार्थियों को कतार में खड़े होने के पूर्व ही ओ0एम0आर0 सीट को पूरा भरने का निर्देश देवें।

(4) परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों के अतिरिक्त अन्य को प्रवेश प्रदान करने से रोकें।

(5) परीक्षा केन्द्र में पहुँचने के उपरांत परीक्षार्थियों द्वारा उत्तर पुस्तिका में लिखना निषेध है।

17-4-2022

क्रमशः ...2

(6) उत्तर पुस्तिका जमा होने के उपरांत परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र से प्रस्थान करने के लिए निर्देशित करें।

(7) परीक्षार्थियों के वाहन को निर्धारित ''वाहन स्टेण्ड'' पर व्यवस्थित रूप से खड़ा करावें।

(8) दोपहर 3.00 बजते ही परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार को बंद करने का निर्देश दें तथा उत्तर पुस्तिका जमा करने के लिए परीक्षा केन्द्र में प्रवेशित सभी परीक्षार्थियों को कतारबद्ध करें।

(9) दोपहर 3.00 बजे कतार में खड़े हुए समस्त परीक्षार्थियों को कागज के छोटे स्लिप में नम्बर लिखकर टोकन वितरित करें तथा उसी कम में उत्तर पुस्तिका संकलित करें।

(10) एक उत्तर पुस्तिका जमा करने में औसतन 15 से 30 सेकंड का समय मानक स्थिति है, इससे कम ''त्वरित'' तथा इससे अधिक ''सुस्त'' प्रकिया मान कर सुधारने का प्रयास करेंगे।

(11) उत्तर पुस्तिका संकलन करते समय अपने समस्त उपलब्ध ''मानव संसाधनों का उपयोग'' करेंगे।

(12) परीक्षार्थियों के मनःस्थिति को समझने की आवश्यकता है। जैसा कि प्रथम दिवस दृष्टिगोचर हुआ कि ज्यादातर परीक्षार्थी दोपहर 2.30 बजे से 3.00 बजे के मध्य उत्तर पुस्तिका जमा करने पहुॅचे थे। ऐसी स्थिति आगे भी हो सकता है। इसके लिए उपलब्ध संसाधनों के आधार पर अपनी तैयारी रखें।

(13) परीक्षार्थियों के कतार को यथासंभव छायायुक्त स्थल पर व्यवस्थित करें।

समस्त प्राचार्य, परीक्षा केन्द्राध्यक्ष एवं परीक्षा प्रभारी अवगत हो कि उत्तर पुस्तिकाओं की संकलन व्यवस्था आपको अपने उपलब्ध स्थानों एवं संसाधनों के आधार पर करना है। आपके द्वारा की जा रही व्यवस्था को एक बैठक लेकर परीक्षा केन्द्र के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों के समन्वय कर व्यवस्थित करें।

17.4.22

कुलसचिव

कमशः ...3

पृ0क्र0 1326 / परीक्षा / 2022 रायपुर,दिनांक 17 / 04 / 2022

प्रतिलिपि –

1. राज्यपाल के सचिव, राजभवन, रायपुर, (छ0ग0)।
2. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर,492002 (छ0ग0)।
3. मुख्य सूचना आयुक्त छ.ग.राज्य शासन सूचना आयोग, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक,नवा रायपुर, अटल नगर, जिला–रायपुर, पिन– 49202।
4. आयुक्त, उच्च शिक्षा, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, 492002 (छ0ग0)।
5. अध्यक्ष, समस्त संबंधित अध्ययनशालाएँ, पं0र0शु0वि0वि0,रायपुर,
6. प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र, पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर।
7. स.कु.स.,गोपनीय / वि.क.अ.,अका. / उ.कु.स.सा.प्रशा.,उ.कु.स., विकास / वित्त नियंत्रक / कम्प्यूटर केन्द्र(गोप.) / वि.वि. मुद्रणालय,
8. अधिष्ठाता,छात्र, कल्याण / संचालक,महा. विकास परिषद / संचालक,भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता रांची–झारखंड / संबंधित कार्यसहायक / समायोजन प्रकोष्ठ को
9. प्रभारी, इंटरनेट, कम्प्यूटर–विज्ञान अध्ययनशाला को –इसे वि.वि. के वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।
10. कुलपति / कुलसचिव के निजी सहायक,प0र0शु0वि.वि0, रायपुर को सूचनार्थ अग्रेषित ।
11. सम्पादक, समस्त स्थानीय समाचार –पत्र, रायपुर को इस निवेदन के साथ अग्रेषित् कि कृपया दिशा–निर्देश को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप मे प्रकाशित करने का कष्ट करें।

प्रभारी अधिकारी (परीक्षा)

17.04.2022